दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, बुधवार 11 अगस्त 2024
www.nyaysakshi.com


संपादकीय

# चुनौतियों से टकराने से डरता नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से 11वीं बार देश को संबोधित किया। पीएम मोदी के भाषण में कहा गया कि भारत बाधाओं, रुकावटों और चुनौतियों को परास्त करते हुए नये संकल्प के साथ चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरे देश का समर्थन मिलना चाहिए। लेकिन आज विपक्ष सरकार की नीतियों और कार्यों को लेकर जिस तरह आक्रामक है, उससे यह लक्ष्य काफी दूर नजर आ रहा है। 2047 तक भारत को विकसित बनाने की राह में भ्रष्टाचार दूसरी सबसे बड़ी बाधा है।

प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने दुख प्रकट करते हुए कहा कि देश में कुछ ऐसे लोग हैं, जो भ्रष्टाचार का महिमामंडन कर रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री एक ओर भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई जारी रखने की बात कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर उनकी पार्टी में ऐसे राजनीतिक नेता शामिल किए जाते रहे हैं, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। जाहिर है कि ऐसे कृत्यों से जनता में संदेश जाता है कि सरकार कहती कुछ है, और करती कुछ और है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कुछ ऐसे राजनीतिक एजेंडे भी सेट किए जिन पर आने वाले दिनों में सियासत गर्म होगी। उन्होंने कहा कि इस समय देश में जो सिविल कोड है, वह वास्तव में कम्युनल है, भेदभाव करने वाला है। हमें सेक्युलर सिविल कोड की ओर जाना होगा। यूनिफॉर्म सिविल कोड भाजपा का पुराना मुद्दा है। काफी सवेदनशील है और एनडीए के सहयोगी दल जदयू और तेलुगू देशम सिविल कोड को लेकर असहज हो सकते हैं।

अन्य विपक्षी दलों में इसे लेकर मतैक्य बनाना आसान नहीं होगा। आने वाले दिनों में ही स्पष्ट होगा कि इस पर सरकार और विपक्ष के बीच सहमति बन पाती है या नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने नाम लिए बिना कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की चर्चा की। कहा कि समाज के तौर पर हमें महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति के संबंध में ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करने की बात कही जिससे देश के नौजवानों को विदेश न जाना पड़े। प्रधानमंत्री ने डिफेंस सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की सेना सर्जिकल स्ट्राइक करती है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आश्वस्त किया कि देश तीसरी बड़ी इकॉनमी बनेगा तो मैं तीन गुना गति से काम भी करूंगा। मैं चुनौतियों से टकराने से डरता नहीं हूं क्योंकि आपके और आपके भविष्य के लिए जीता हूं।

# ताबड़तोड़ तेजी के बाद ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 6 प्रतिशत फिसला

**मुनाफावसूली की वजह से आई गिरावट**

नईदिल्ली



ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर मंगलवार को शुरूआती कारोबार में तीन प्रतिशत तक चढऩे के बाद फिसल गया।

इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी का शेयर प्राइस आज इंट्रा-डे ट्रेड में बीएसई पर 157.53 रुपये की नई ऊंचाई पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली के चलते कंपनी के शेयर में गिरावट आई है और यह 6 प्रतिशत तक फिसल गया।

बता दें कि ओला इलेक्ट्रिक के शेयर की कीमत इश्यू प्राइस 76 रुपये प्रति शेयर से लगभग 100 प्रतिशत बढ़ गई है। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 9 अगस्त, 2024 को शेयर बाजार में लिस्ट हुए थे।

सुबह 11:46 बजे बीएसई पर ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 5.98 फीसदी की गिरावट के साथ 137.52 रुपये पर कारोबार कर रहा था। इसकी तुलना में बीएसई सेंसेक्स 0.56 फीसदी बढक़र 80,874.68 पर कारोबार कर रहा था।

ओला इलेक्ट्रिक का शेयर आज पिछले बंद भाव 146.03 रुपये प्रति शेयर के मुकाबले 154 रुपये के लेवल पर खुला और कारोबार के दौरान 157.53 रुपये के उच्चस्तर तक चला गया था। कंपनी का मार्केट कैप फिलहाल 60,423.96 करोड़ रुपये हैं।

स्वतंत्र बाजार विश्लेषक अंबरीश बालिगा ने कहा, 'यह आश्चर्यजनक है कि आईपीओ के दौरान नकारात्मकता और कमजोर लिस्टिंग के बावजूद यह शेयर तेजी से आगे बढऩे में कामयाब रहा और उसने अच्छी रफ्तार बरकरार रखी है। पिछले पखवाड़े में इसके बुनियादी आधारों में कोई बदलाव नहीं आया है, इसलिए इतनी तेज उछाल का कारण खोजना मुश्किल है। हालांकि, रणनीति के तौर पर, कारोबारी या निवेशक सख्त स्टॉप-लॉस के साथ इसके उछाल के साथ बने रह सकते हैं।'

वैश्विक ब्रोकरेज एचएसबीसी का मानना है कि ओला इलेक्ट्रिक की आगामी वृद्धि एक समान नहीं रहेगी क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पैठ की दर कंपनी की अपेक्षा से कहीं अधिक धीमी हो सकती है।ब्रोकरेज ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा, 'कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2028 में इलेक्ट्रिक दोपहिया की पहुंच 41-56 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी जबकि हमारा मानना है कि यह वित्त वर्ष 2028 तक सिर्फ 20 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2030 तक 30 प्रतिशत होगी।'

यह शेयर पहले ही ब्रोकरेज के 140 रुपये के कीमत लक्ष्य को पार कर चुका है।

बता दें ओला इलेक्ट्रिक ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 1,25,198 वाहनों के साथ अब तक की सबसे ज्यादा वाहन डिलिवरी भी दर्ज की जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 70,575 था।

# वेदांता ने हिंदुस्तान जिंक के ओएफएस से 3200 करोड़ जुटाए, निवेशकों से मिला जोरदार रिस्पांस

नईदिल्ली




खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता लिमिटेड ने अपनी सब्सिडियरी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के शेयरों की बिक्री पेशकश से करीब 3,200 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं।

सूत्रों ने कहा कि वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक के शेयरों की बिक्री पेशकश को खुदरा एवं संस्थागत निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। सूत्रों ने कहा कि इस बिक्री पेशकश से वेदांता को करीब 3,200 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है।

वेदांता ओएफएस से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल अपने बही-खाते को दुरुस्त करने और अपनी विस्तार परियोजनाओं में निवेश के लिए करेगी। पिछले महीने पात्र संस्थागत आवंटन से जुटाई गई 8,500 करोड़ रुपये की राशि को मिलाकर वेदांता समूह और एचजेडएल दोनों का कर्ज कम करने में मदद मिलेगी। खुदरा निवेशकों के लिए आधार निर्गम आकार 51.44 लाख शेयरों का था जबकि कुल 93.82 लाख शेयरों की खरीद हुई।

सूत्रों के मुताबिक, संस्थागत निवेशकों के लिए 4.62 करोड़ शेयर निर्धारित किए गए थे जबकि कुल संस्थागत खरीद 6.36 करोड़ शेयरों की हुई। वेदांता ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि 16-19 अगस्त तक चली ओएफएस प्रक्रिया के बाद हिंदुस्तान जिंक में वेदांता की शेयरधारिता 63.42 प्रतिशत रह गई है।

# डैरियस वीसे ने तोड़े कई टी20 रिकॉर्ड, एक ओवर में बनाए 39 रन

**आपिया (समोआ)।** क्रिकेट जगत में रोजाना नए रिकॉर्ड बनते और टूटते रहते हैं। इस लिस्ट में अब समोआ के डैरियस वीसे का नाम भी जुड़ गया है। समोआ के बल्लेबाज डैरियस वीसे ने वनुआतु के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप ईस्ट एशिया-पैसिफिक़ रीजन क्वालिफ़ायर मुक़ाबले में एक ही ओवर में छह छक्के जड़ डाले, जिसकी बदौलत एक ही ओवर में उनकी टीम के खाते में 39 रन जुड़ गए। यह टी20 इतिहास में एक ओवर में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और ऐसा करते हुए उन्होंने अब से पहले इस प्रारूप में पांच बार एक ओवर में बनाए गए 36 रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। यह कीर्तिमान समोआ की पारी के 15वें ओवर में आया, जिसमें तीन नो बॉल भी शामिल थीं। डैरियस वीसे के इस शानदार ओवर ने न केवल कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए, बल्कि समोआ को एक मजबूत स्कोर तक भी पहुंचाया। उनकी 132 रनों की पारी, जिसमें 14 छक्के शामिल थे - टी20 इतिहास में पांचवां सबसे बड़ा स्कोर।

# लोकल मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने से एमसीई इंडस्ट्री को मिलेंगे 25,000 करोड़ के वार्षिक अवसर

नई दिल्ली



सरकार की ओर से इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अधिक जोर दिए जाने के कारण माइनिंग और कंस्ट्रक्शन उपकरण (एमसीई) इंडस्ट्री के लिए 25,000 करोड़ रुपये के वार्षिक अवसर वित्त वर्ष 2030 तक उपलब्ध होंगे। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि एमसीई इंडस्ट्री में अगले पांच से सात वर्षों में उपकरणों का स्थानीयकरण 50 से 70 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा और इसका नेतृत्व अंडरकैरिज और प्रीसीजन हाइड्रोलिक जैसे उपकरणों द्वारा किया जाएगा।

भारत की माइनिंग और कंस्ट्रक्शन उपकरण (एमसीई) इंडस्ट्री बिक्री किए जाने वाले उपकरणों के वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया में तीसरे नंबर पर है।

भारत द्वारा अपनी जरूरतों का 50 प्रतिशत (वैल्यू के आधार पर) चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों से आयात किया जाता है।

आयात किए जाने वाले उपकरणों में हाइड्रोलिक, अंडरकैरिज और हाई-टेक इलेक्ट्रोनिक्स जैसे इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट्स (ईसीयू), सेंसर टेलीमेटिक्स शामिल है।

आईसीआरए के सेक्टर हेड-कॉरपोरेट रेटिंग्स ऋतु गोस्वामी ने कहा, हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है। ऐसे में सरकार आने वाले समय में इंस्ट्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर जारी रखेगी।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इस सेक्टर में आयात पर निर्भरता काफी अधिक है और भारत में इन उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक अच्छा बेस तैयार हो गया है, जिससे आने वाले समय में कंपनियों के लिए विकास के काफी अवसर हैं।

# इंग्लैंड बनाम श्रीलंका: पहले टेस्ट मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और जरुरी आंकड़े

नईदिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच पहला टेस्ट 21 अगस्त से खेला जाएगा।चोटिल बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी में ओली पोप टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि हैरी ब्रूक को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।इंग्लैंड ने अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराया था और वह अपनी लय को आगे भी बरकरार रखने का प्रयास करेंगे।आइए मुकाबले की ड्रीम इलेवन और जरूरी बातें जानते हैं।

दोनों टीमों की भिड़ंत में इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है।अब तक दोनों टीमों के बीच 36 टेस्ट खेले गए हैं, जिसमें से 17 मैच इंग्लैंड ने जीते हैं और 8 टेस्ट श्रीलंका ने अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 11 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।श्रीलंका ने इंग्लैंड की धरती पर 3 टेस्ट जीते हैं और 8 टेस्ट में हार झेली है। इस बीच 7 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

इंग्लैंड से डैन लॉरेंस और बेन डकेट पारी की शुरुआत करते हुए नजर आएंगे।चोटिल जैक क्रॉली इस सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं है, इसीलिए लॉरेंस को मौका मिला है।तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है।इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन: डैन लॉरेंस, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक (उपकप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, मार्क वुड और शोएब बशीर।

इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना कठिन होता है। ऐसे में श्रीलंकाई टीम दिमुथ करुणारत्ने से अच्छी शुरुआत की उम्मीद करेगी।श्रीलंका के बल्लेबाजी विभाग में एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी मौजूद हैं। इनके प्रदर्शन पर टीम काफी निर्भर रहने वाली है।संभावित एकादश: दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसानका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कामिंदु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, विश्वा फर्नांडो, कासुन राजिथा और लाहिरू कुमारा।

डकेट ने 2024 में 37.21 की औसत से 521 रन बनाए हैं।रूट ने श्रीलंका के विरुद्ध 10 मैचों में 58.88 की औसत के साथ 1,001 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 4 शतक और 1 अर्धशतक लगाया है।मैथ्यूज ने इंग्लैंड के खिलाफ 46.19 की औसत के साथ 970 रन अपने नाम किए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 5 विकेट लिए हैं।करुणारत्ने ने 2022 से 49.82 की औसत से 1,445 टेस्ट रन बनाए हैं।

# सुमित नागल, ह्यूगो गैस्टन और मैग्डा लिनेट जैसे शीर्ष नाम होंगे शामिल

मुंबई

टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का छठा सीजन 3 से 8 दिसंबर के बीच मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में खेला जाएगा। इस सीजन पूरी दुनिया के कई शीर्ष टेनिस खिलाड़ी भी लीग में खेलते नजर आने वाले हैं।

टेनिस जगत के कुछ शीर्ष नाम भारत आएंगे। टीपीएल 2024 में फॉर्म में चल रहे भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल (वर्ल्ड नंबर 74 और भारत नंबर 1) और फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन (वर्ल्ड नंबर 61) मुख्य आकर्षण होंगे, जबकि महिलाओं में पोलैंड की मैग्डा लिनेट (वर्ल्ड नंबर 41) और अर्मेनियाई एलिना अवनेस्यान (वर्ल्ड नंबर 52) आकर्षण का केंद्र होंगी।

पांच सफल सीजन के बाद टीपीएल फ्रेंचाइजी लीग में आईपीएल के करीब है। सभी फ्रेंचाइजी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए कुल पांच-पांच मैच खेलेंगी क्योंकि लीग का मुख्य उद्देश्य टेनिस फैंस का ध्यान आकर्षित करता है।

दो फ्रेंचाइजी के बीच सभी मैच पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल होंगे। दो फ्रैंचाइजी के बीच प्रत्येक मैच में 100 अंक दांव पर होंगे, जहां प्रत्येक श्रेणी 25 अंकों की होगी। प्रत्येक टीम लीग चरण में कुल 500 अंक (100 अंक & 5 मैच) खेलेगी और अंक तालिका में शीर्ष 4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली फ्रेंचाइजी हैं- पीबीजी पुणे जगुआर, बंगाल विजार्ड्स, पंजाब पैट्रियट्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, गुजरात पैंथर्स, मुंबई लियोन आर्मी और गत विजेता बेंगलुरु एसजी पाइपर्स।

इसके अलावा, टीपीएल की नजर जमीनी स्तर पर भी है और वह यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक है कि भविष्य में टेनिस सितारों का जलवा बना रहे। इसे ध्यान में रखते हुए, टीपीएल ने पहले ही जिला रैंकिंग टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए गुजरात राज्य टेनिस संघ (जीएसटीए), दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) और महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) के साथ समझौता कर लिया है।

# स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह पर बन रही है बायोपिक

मुंबई




पूर्व भारतीय क्रिकेटर और आईसीसी 2011 विश्व कप के हीरो युवराज सिंह पर बायोपिक बन रही है। अभी तक शीर्षक वाली यह फिल्म क्रिकेट में उनकी यात्रा और योगदान का एक भव्य जश्न मनाने का वादा करती है, जिसमें 2007 टी20 विश्व कप में 6 छक्कों की अविस्मरणीय लकीर और 2011 विश्व कप में उनका शानदार प्रदर्शन शामिल है, जिसके कारण भारत ने 28 साल बाद खिताब जीता था।

2000 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से, युवराज सिंह ने क्रिकेट पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने अपनी आक्रामक बाएं हाथ की बल्लेबाजी और शानदार फील्डिंग से प्रशंसकों का दिल जीत लिया।

फिल्म के बारे में बात करते हुए युवराज ने कहा, मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मेरी कहानी भूषण जी और रवि द्वारा दुनिया भर में मेरे लाखों प्रशंसकों को दिखाई जाएगी। सभी उतार-चढ़ाव के दौरान क्रिकेट मेरा सबसे बड़ा प्यार और ताकत का स्रोत रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दूसरों को अपनी चुनौतियों से उबरने और अटूट जुनून के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी।

अभी तक शीर्षक वाली इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार और रवि भागचंदका द्वारा किया गया है, जो सचिन: ए बिलियन ड्रीम्स और सितारे ज़मीन पर के लिए जाने जाते हैं।

# विक्की कौशल की छावा का टीजर हुआ रिलीज, छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में दिखे



विक्की कौशल की बहादुर छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका वाली फिल्म छावा का टीजर रिलीज हो गया है. टीजर में विक्की कौशल का योद्धा अवतार ने फैंस को दीवाना कर दिया है. यह टीजर स्त्री 2 से पहले दिखाया गया था और इसने फैंस को पहले ही उत्साहित कर दिया है. विक्की को महान छत्रपति शिवाजी महाराज के दुर्जेय पुत्र के रूप में एक शक्तिशाली परिचय देता है.

छावा के मेकर्स ने फिल्म का धांसू टीजर रिलीज किया है. विक्की कौशल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और कैप्शन में फिल्म के बारे में अपडेट देते हुए लिखा है, स्वराज्य के रक्षक. धर्म के रक्षक. छावा - एक साहसी योद्धा की महाकाव्य गाथा.टीजर आउट. योद्धा 6 दिसंबर 2024 को दहाड़ेगा.

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है जीवासाथी और किस्मत दोनों का साथ मिलेगा।

***वृष:*** आज आपका शुरूवात बढिय़ा होने वाली हैं। प्रॉपर्टी डीलर्स को किसी बड़ी डील से अच्छा मुनाफा होगा। आज आपको दूसरों से सोंच समझ कर बात करने की जरुरत है। जीवनसाथी आपकी बात को अहमियत देंगे इससे आपको खुशी होगी।

***मिथुन:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरुर मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है।

***कर्क:*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया औद्योगिक उद्यम शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं उनके लिए अनुकूल समय है।

***सिंह:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी। आज आप परिवार में को जोडक़र रखने की भूमिका निभाएंगे।

***कन्या:*** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं, हालांकि, बातचीत करना थोड़ा कठिन भी रहेगा पर बाद में सफलता मिलेगी।

***तुला:*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होगी।

***वृश्चिक:*** आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा ,जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

***धनु:*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको सिर दर्द की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात तजुर्बेदार लोगों से होगी।

***मकर:*** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा।

***कुंभ:*** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।

***मीन:*** आज आपका दिन बढिय़ा रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे।

# आम के साथ-साथ उसके पत्तों के भी होते हैं कई औषधीय लाभ

आम को फलों का राजा माना जाता है और इसका स्वाद लाजवाब होता है। हालांकि, काफी कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि आम के साथ-साथ उसके पत्ते भी कई औषधीय लाभों से समृद्ध होते हैं।आम के पत्तों के अर्क का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में मधुमेह, दस्त और अस्थमा सहित कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है।आम के मौसम के जाने से पहले उसके पत्तों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाकर ये 5 लाभ पाएं।

**मधुमेह के इलाज में मददगार-** आम की पत्तियों में एंथोसायनिडिन्स नामक फाइटोकेमिकल्स और टैनिन होते हैं, जो ब्लड शुगर के बढ़े हुए स्तर को कम कर सकते हैं। इनमें फाइटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं, जो मधुमेह के उपचार में मदद करते हैं।इन पत्तियों में बीटा-टारैक्सेरोल नामक यौगिक होता है, जो इंसुलिन के साथ मिलकर ग्लूकोज को सक्रिय करता है और ग्लाइकोजन के संश्लेषण को बढ़ाता है।आम के पत्ते मधुमेह एंजियोपैथी और मधुमेह रेटिनोपैथी के इलाज में मदद करते हैं, जो मधुमेह की जटिलताएं हैं।

**वजन रहता है नियंत्रित-** आम के पत्तों में मैंगिफेरिन नामक यौगिक होता है, जो एडिपोनेक्टिन को सक्रिय करने में मदद करता है। एडिपोनेक्टिन एक तरह का प्रोटीन है, जो शरीर में वसा चयापचय और शर्करा को संतुलित करता है।अध्ययनों से पता चलाता है कि आम के पत्ते कोशिकाओं में वसा के संचय को रोकते हैं, जिससे मोटापा कम होने लगता है।आप आम के पत्तों को खान-पान का हिस्सा बनाकर अपना वजन घटा सकते हैं और उसे नियंत्रित भी रख सकते हैं।

**किडनी की पथरी के उपचार में सहायक-** आप अपनी डाइट में आम के पत्तों को शामिल करके किडनी की पथरी से छुटकारा पा सकते हैं। इन्हें रात भर पानी में भिगो के रख दें, फिर सुबह मिक्सी में पीसकर इनका पाउडर बना लें।इस पाउडर को सुबह-शाम पानी के साथ खाएं। ऐसा करने से किडनी की पथरी को तोडक़र शरीर से बाहर निकालने में मदद मिल सकती है।आप इन घरेलू नुस्खों की मदद से किडनी की पथरी का उपचार कर सकते हैं।

**रक्तचाप होता है कम -** आम के पत्तों में हाइपोटेंसिव गुण होते हैं, जिसका मतलब है कि ये रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये पत्ते रक्त वाहिकाओं को मजबूत बनाने के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।


# शब्द सामर्थ्य- 153

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 152 का हल



# सू-दोकू- 153

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.152 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |